राधिका झा I.A.S
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद
राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग रायपुर, देहरादून
दूरभाष 0135-2781941, 42, 43
website: http://ssa.uk.gov.in
email - spd-ssa-uk@nic.in

अत्यावश्यक/फैक्स/ई-मेल

सेवा में,

समस्त जिला परियोजना अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : रा0प0नि0/ 140 /नि0का0-समीक्षा (05)/2013-14 दिनांक 25 अप्रैल, 2013

विषय : वर्ष 2001-02 से 2011-12 तक के निर्माणाधीन कार्यों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके जनपद द्वारा उपलब्ध करायी गयी माह मार्च, 2013 की मासिक प्रगति रिपोर्ट के अवलोकनोपरान्त यह पाया गया कि आपके जनपद में अद्यतन कतिपय कार्य अनारम्भ है या दीर्घावधि से निर्माणाधीन हैं, यह स्थिति असंतोषजनक है, जबकि इस सम्बन्ध में कई बार विभिन्न समीक्षा बैठकों एवं पत्रों द्वारा अनारम्भ कार्यों को प्रारम्भ करवाने एवं दीर्घ अवधि से निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये जा चुके हैं।

उक्त के क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा आपके जनपद से सम्बन्धित निर्माणाधीन निर्माण कार्यों के वर्ष 2001-02 से 2011-12 तक के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को निर्धारित प्रारूप पर अंकित कर आपको इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि प्रपत्र में इंगित निर्माण कार्यों के भौतिक/वित्तीय लक्ष्यों को भली-भाँति जाँचकर निर्माण कार्यों में व्यय की गयी धनराशि अवशेष धनराशि का विवरण, निर्माण की प्रगति, निर्माणाधीन कार्यों के पूर्ण होने की संभावित तिथि एवं यदि कार्य रूका हुआ/विवादित है तो उसका औचित्य सहित स्पष्ट उल्लेख करते हुए संलग्न प्रपत्र पर सूचना विलम्बतः 30 अप्रैल, 2013 तक राज्य परियोजना कार्यालय को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

संलग्नक-उक्तवत्।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

D/laxmi\Pad II New SPD.nmd 284